DHE/0686/2025-ACAD-DHE

I/297769/2025

कार्यालय आयुक्त, उच्च शिक्षा, मध्यप्रदेश
सतपुड़ा भवन, भोपाल–462004

क्रमांक /786/आउशि/शा–5'अ'/2025 भोपाल, दिनांक /06/2025

प्रति,

1. कुलसचिव,
समस्त विश्वविद्यालय, मध्यप्रदेश।

2. सचिव,
मध्यप्रदेश निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग, भोपाल.

3. प्राचार्य,
समस्त शासकीय/अनुदान प्राप्त अशासकीय/निजी अशासकीय महाविद्यालय, मध्यप्रदेश।

विषय– अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के संबंध में ।

संदर्भ– अवर सचिव, मध्यप्रदेश शासन,उच्च शिक्षा विभाग मंत्रालय से प्राप्त पत्र क्रमांक 999/1365132 /2023/38–2, भोपाल दिनांक 05.06.2025

––0––

उपरोक्त विषयान्तर्गत संदर्भित पत्र एवं सहपत्रों की छायाप्रति आवश्यक कार्यवाही हेतु आपकी ओर प्रेषित है। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2025 के एक भाग के रूप में, इस महत्वपूर्ण मील के पत्थर को मनाने के लिए आयुष मंत्रालय ने 21 जून, 2025 तक 100 दिनों की अवधि में गतिविधियों की एक श्रृखला तैयार की है। ये कार्यक्रम हर जगह के लोगों तक योग के लाभों को पहुंचाने के लिए तैयार किए गए हैं।

"योग संगम" अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का प्रमुख आयोजन है, जिसमें सामान्य योग प्रोटोकॉल (CYP) पर आधारित सामूहिक योग प्रदर्शन शामिल है। यह आयोजन 21 जून, 2025 को सुबह 7 बजे से 7.45 बजे तक पूरे भारत में 1,00,000 से अधिक स्थानों पर एक साथ आयोजित किया जाएगा। इस संबंध में सबसे पहले सभी राज्य/संघ शासित प्रदेशों के उच्च शिक्षा शिक्षण संस्थानों को योग पोर्टल पर ( http://voga.ayush.gov.inyoga sangam ) पर आयोजक के रूप में पंजीकरण कराना होगा और 21 जून, 2025 को अपने–अपने संस्थानों में योग संगम कार्यक्रम आयोजित करना होगा।

अतः समस्त शासकीय/अशासकीय विश्वविद्यालयों तथा समस्त शासकीय/अनुदान प्राप्त अशासकीय/निजी अशासकीय महाविद्यालय, मध्यप्रदेश के कुलसचिव एवं प्राचार्य से अनुरोध है कि भारत सरकार के पत्र दिनांक 22 मई, 2025 में दिए गए निर्देशानुसार योग पोर्टल पर ( http://voga.ayush.gov.inyoga sangam ) पर आयोजक के रूप में पंजीकरण कराना एवं 21 जून, 2025 को विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय में योग संगम कार्यक्रम आयोजित करना सुनिश्चित करें।

संलग्न–उपरोक्तानुसार

(आयुक्त, उच्च शिक्षा द्वारा अनुमोदित)

Digitally signed by
DHIRENDRA SHUKLA
Date: 10-06-2025
18:50:49

( डॉ0 धीरेन्द्र शुक्ल )
विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी
उच्च शिक्षा मध्यप्रदेश भोपाल

## जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

पृष्ठांकन क्रमांक एफ/सम्बद्धता/2025/751 दिनांक : 18.06.2025

**प्रति,**

अध्यक्ष/सचिव/प्राचार्य
समस्त शासकीय/अनुदानित/अशासकीय महाविद्यालय,
सम्बद्ध जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर (मध्यप्रदेश)

उपरोक्त विषयान्तर्गत कार्यालय आयुक्त, उच्च शिक्षा विभाग, मध्यप्रदेश, सतपुड़ा भवन, भोपाल के आदेशानुसार अंर्तराष्ट्रीय योग दिवस पर योग संगम कार्यक्रम आयोजित करना सुनिश्चित किया जावे।

**निदेशक**
**महाविद्यालयीन विकास परिषद्**